## ग्राम धाधरा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, हटाने को सौंपा ज्ञापन

### सरकारी कर्मचारियों ने ही किया चराई की भूमि पर कब्जा, सरपंच के साथ ग्रामीणों ने की एसडीएम से शिकायत

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** विकासखंड के ग्राम धाधरा में 15 से 20 एकड़ शासकीय भूमि खसरा नंबर 189, 180, 285/3 पर असंवैधानिक तरीके से शासकीय कर्मचारी द्वारा कब्जा किया जा रहा है। इसमें नरेश डेहरिया, महेश डेहरिया (शासकीय शिक्षक), रामगनेश डेहरिया (ग्राम कोटवार), बलदेव डेहरिया (पंचायत सचिव) अमरचंद डेहरिया ने कब्जा किया है।

ग्राम वासियों ने बताया कि यह भूमि पशुओं को चराने के लिए उपयोग की जाती है भूमि पर कीमती फलदार वृक्ष लगे हुए हैं। ग्राम वासियों ने कब्जा करने के लिए मना किया तो अनावदेक और तीव्र गति से कब्जा कर रहे हैं।

ग्राम के सरपंच रहेश परतेती एवं समस्त क्षेत्रवासी ग्रामवासियों ने अमरवाड़ा पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और शासकीय भूमि से कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामवासी ने बताया कि वह अपने स्वामित्व की भूमि पर कृषि कार्य करने हेतु आते जाते हैं और अपने कृषि यंत्र भी लेकर जाते हैं लेकिन अनावेदकगण शासकीय भूमि पर कब्जा कर रहे हैं और शासकीय भूमि पर कृषि बोवनी बखरौनी कर कब्जा स्थापित करना चाहते हैं, जिससे ग्राम वासी को



आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम धाधरा में दुधारू पशु अत्यधिक मात्रा में है और क्षेत्रवासी अपने परिवार का पालन पोषण पशुओं के माध्यम से करते हैं। पशुओं को चराने के लिए शासकीय भूमि पर ले जाते हैं, परंतु अवैध कब्जा स्थापित कर लेने से पशुओं को चराने के लिए भी जगह नहीं है। ग्राम वासियों ने तत्काल भूमि का निरीक्षण कर शासकीय भूमि से कब्जा हटाने की मांग ज्ञापन सौंप नायब तहसीलदार एसडीएम से की है।

## जामसांवली में भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

**जामसांवली/सौसर, देशबन्धु।** आस्था और सेवा के एक महत्वपूर्ण क्षण में, क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान हनुमान लोक जाम सांवली के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट की। इस विशेष अवसर पर, संस्थान के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आगामी श्री जामसांवली हनुमान मंदिर के भव्य गर्भगृह निर्माण कार्य और सर्वसुविधायुक्त गौ-सेवा प्रकल्प के पावन भूमिपूजन कार्यक्रम में सहपरिवार मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।



यह ऐतिहासिक भूमिपूजन कार्यक्रम आगामी माह में जामसांवली में आयोजित होना प्रस्तावित है। संस्थान के सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक और आदरभाव के साथ मुख्यमंत्री जी से करबद्ध प्रार्थना की कि वे अपने कर-कमलों से इस आध्यात्मिक और गो सेवा के कार्य का भूमिपूजन कर कार्यक्रम को गरिमामयी बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने संस्थान के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए, इसमें सम्मिलित होने का दृढ़ आश्वासन दिया है। उन्होंने विशेष रूप से आश्वस्त किया कि वे इस शुभ अवसर पर अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएँगे।

## नगर की कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में बेतहाशा कॉलोनियों की भरमार हो चली है। जनता अपनी सुविधानुसार इन कॉलोनियों में सस्ते महंगे भूखंड खरीद कर अपना आशियाना भी बना रही है, परंतु कालोनाइजरों की हठधर्मिता के चलते इन कालोनियों में निवास रत लोगों को मूल भूत सुविधाओं को दरकार है।

स्मरण हो कि शासन के नुमाइंदे इस ओर ध्यान नहीं देते इसलिए कॉलोनाइजर भूखंड बेचकर भारी मात्रा में रकम कमा रहे हैं मगर कॉलोनियों में मूल भूत सुविधा कैसे बिजली,सड़क, नाली, पानी और सफाई व्यवस्था न होने से कालोनियों में निवार कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अब बारिश का सीजन भी चालू हो गया है सफाई न होने से कालोनियों में मच्छर और कीट पतंगों का बोलबाला होगा जनता बीमार होगी।

आखिर इन कालोनियों के लिए शासन के पास कोई नियम नहीं है क्या या फिर शासन कालोनाइजरों से डरता है। शायद उसी का फायदा उठाकर कालोनियों में गंदगी पसरती जा रही है सफाई नहीं हो रही है कुछ नालियां तो कई जगह से कई कालोनियों की टूटी पड़ी हैं जिनका पानी सड़क पर दलदल मचाएगा इस ओर भी किसी का ध्यान नहीं।कुछ कालोनियों में बिजली के खंभे भी नहीं लगे है जब कोई सुविधा नहीं है तो शासन फिर इन कालोनियों में भूखंड बेचने पर रोक क्यों नहीं लगाती।

### कॉलोनाइजर्स की लापरवाही, प्रशासन बना अनजान

आखिर माजरा क्या है समझ से परे है लगता है इन कालोनाइजरों में शासन की मिली भगत की बू आने लगी है। ऐसा ही हाल गोटेगांव नगर में सभी वैध और अवैध कालोनियों का है शासन से अपेक्षा है कि जांच कराए।

## सार-समाचार

### पटवारी की समीक्षा बैठक आयोजित



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** एसडीम ने तहसीलदारों की उपस्थिति में पटवारी की समीक्षा बैठक। लापरवाह पटवारी पर कार्यवाही के निर्देश जिला कलेक्टर शिलेंद्र सिंह के निर्देश अनुसार जुन्नारदेव एसडीएम कामिनी ठाकुर द्वारा आज तहसील कार्यालय सभा कक्ष में पटवारी की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान तहसीलदार राजेंद्र टेकाम नायब तहसीलदार राजीव नेमा नायब तहसीलदार मोहित बोरकर सहित पटवारी की मौजूदगी रही जहां एसडीएम द्वारा रजिस्ट्रेशन एवं सीमांकन के लिए समीक्षा करते हुए बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए कार्य ना करने वाले पटवारी के वेतन रोकने और कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### कबीर सत्संग भवन में बैठक आयोजित

**छपारा, देशबनधु।** सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा के तत्वाधान में कबीर सैनिक सेवार्थी संघ छपारा, महिला मंडल छपारा/भीमगढ़ एवं समस्त अवधिया समाज की बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम धर्म ध्वज का पूजन अर्चन एवं प्रणाम करते हुए सदगुरु कबीर साहेब के स्वरूप पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

स्मरण रहे कि दिनांक 8 जून 2025 को सत्संग भवन का लोकार्पण परम पूज्य कबीर दर्शनाचार्य श्री श्री 108 श्री राम जीवन शास्त्री साहेब जी सद्गुरु कबीरधाम आचार्य पीठ सागर म. प्र. के पावन सानिध्य में केवलारी विधानसभा के कर्मठ एवं लोकप्रिय विधायक माननीय ठाकुर रजनीश/ हरवंश सिंह जी द्वारा छपारा नगर के जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था। और दिनांक 8 जून से 10 जून 2025 तक सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन समिति द्वारा किया गया था। जिसमें नगर के एवं बाहर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ लिया था।

समिति ने सत्संग भवन के निर्माण एवं सत्संग कार्यक्रम में सहयोग करने वाले उन सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने दिल खोलकर धनराशि प्रदान की साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करने वालों का भी समिति ने आभार माना। इसके पश्चात बैठक में निर्णय लिया गया की प्रति गुरुवार को महिला मंडल द्वारा सत्संग भवन में सत्संग आयोजित किया जाएगा । हर पूर्णिमा को पूर्णिमा व्रत सामूहिक रूप से सत्संग भवन में मनाया जाएगा। माह के प्रत्येक गुरुवार एवं पूर्णिमा व्रत के दिन को छोड़कर जो भी समाज आध्यात्मिक आयोजन इस भवन में करना चाहते हैं वे सभी सादर आमंत्रित हैं। आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात बैठक का समापन हुआ।

## भाजपा ने ग्राम बेरडी में लगाई चौपाल

**सौसर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बेरडी में भारतीय जनता पार्टी मंडल सौसर के तत्वावधान में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को ग्रामवासियों के बीच साझा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोरेश्वर मर्सकोले एवं परसराम राणे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी विस्तार से दी।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों के पूजन अर्चना कर एवं माल्यार्पण से हुई। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचा रही है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को यह संकल्प भी दिलाया गया कि वे घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्रयासरत रहेंगे।

इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मंडल महामंत्री आशीष चांडक, देवेन्द्र गायकवाड़, विकास जानभोर, विवेक गायकवाड़,अशोक लाखे अजय दीक्षित, सुभाष अढाऊ, मनीष रूंघे, निलेश खंडाईत, अजय कांवरे, पुष्पन काले, रामा कुतरमारे, विश्वेश्वर जानभोर, सुभाष सवासेरे, गितेश गुर्वे, सागर ठाकरे, अविनाश ठाकरे, हेमंत जानभोर, राधे पातुरकर, देवेन्द्र रूंघे, शिवम जानभोर एवं शुभम कुतरमारे सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।




## 11 साल, बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

**रामाकोना, देशबन्धु।** जनपद पंचायत सौसर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपेठ में भारतीय जनता पार्टी मंडल सौसर के तत्वावधान में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए संकल्पित भाजपा सरकार के 11 बेमिसाल वर्षों के अंतर्गत शक्ति केंद्र पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों का पूजन व पुष्प अर्पण कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

चौपाल को संबोधित करते हुए *विवेक गायकवाड़* ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता और सर्वस्पर्शी विकास की नीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने के लिए कृतसंकल्प है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को यह संकल्प भी दिलाया गया कि हम सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और अधिक से अधिक लोगों को उनका लाभ दिलाएंगे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से मंडल उपाध्यक्ष सुनील ठाकरे,महामंत्री आशीष चांडक, देव तुमदाम, विजयजी साहारे, , रवींद्र भकने, रवींद्र गोमकाले, अनिल बरडे, सोनू भकने, धनंजय बागडे, राजेंद्र भोजने, पम्मी भकने, निलेश किनारकर, जितेंद्र आकोटकर उपस्थित रहे।

### शासन की जनकल्याण योजनाओं की दी जानकारी

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर नगर के वार्ड नंबर एक में 20 जून शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफलतम 11 वर्ष होने पर शासन द्वारा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश अनुसूचित जनजाति के मोर्चा के सदस्य मोरेश्वर मसकोले वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता हरीश बत्रा व अधिवक्ता दिनेश भकने द्वारा चौपाल के माध्यम से सौसर के वार्ड क्रमांक 1 में जनता जनार्दन को संबोधित किया गया।

जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वार्ड क्रमांक एक के पूर्व पार्षद मोरेश्व धुर्वे,वार्ड क्रमांक 2 के युवराज बेड़े बुथ अध्यक्ष किशोर राऊत भास्कर आदि अनेक कार्यकर्ता का उपस्थित थे मंच संचालन वार्ड पार्षद रामकृष्ण राऊत द्वारा किया गया।

## भगवान भरोसे चल रहे हैं नगर के शासकीय कार्यालय

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में विभिन्न प्रकार के बिलों के कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। पैसों की चकाचौंध में ठेकेदारों के मनमाने बिलों में कमीशन की खातिर जबरदस्त घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं। ऐसा आज ही नहीं कई वर्षों से देखा जा रहा है और हां कई विभागों में तो भर्ती के नाम पर रजिस्टर में नामों का बोलबाला है।

वेतन ले रहे है और घर पर ही रह रहे हैं ऐसा राजनीति में रसूख रखने वाले लोगों ने अपने मातहतों को लगाकर दिखा दिया है कि हम जनप्रतिनिधि है हम कुछ भी कर सकते हैं परंतु शासन की जवाबदार खुफिया एजेंसी या मध्यप्रदेश आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो खामोश बैठा है। सरकार का राजस्व बर्बाद हो रहा है।

नगर गोटेगांव के सभी शासकीय कार्यालयों में जो कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे है बिलों के मार्फत उन सभी की जांच जरूरी है जिसमें छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक का कमीशन सेट रहता है।

नगर में सभी शासकीय और अर्ध शासकीय कार्यालयों में इस समय जमकर यह पालिसी गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के मार्फत चल रही है। कोई घर पर रह रहा है तनख्वाह किसी ऑफिस से निकल रही है ये सब क्या है शासन जबरन आंख बंद करके बैठा है या फिर अधिकारियों या चुने जनप्रतिनिधियों को खुली छूट दे रखी है।

### फर्जी बिल और कमीशनखोरी के चलते व्यवस्था चौपट

कोई शिक्षा विभाग में,कोई नगरीय विकास विभाग में,कोई स्वास्थ्य विभाग में,कोई उच्च शिक्षा विभाग में कोई नर्मदा घाटी विकास विभाग में ऐसे कई और विभाग भी है जहां फालतू और जबराना कर्मचारियों के नाम से बिल आहरित हो रहे हैं।और फर्जी बिलों से पैसे भी निकाले जाते है ऐसा सब कमीशन के कारण हो रहा है परंतु शासन में बैठे देश के कर्णधार चुप बैठे हैं।जो कि नगरवासियों में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

शासन ऐसे विभागों की जांच कराए जिससे सच्चाई सामने आ जाएगी और लाखों का राजस्व भी बचेगा। इस ओर शासन शीघ्र ही ध्यान देकर ठोस कार्यवाही करे।जमकर चल रहा वित्तीय लेन देन का खेल। शासन इस तरफ ध्यान क्यों नहीं देता जबकि शासन के बजट की राशि का ही बंदरबाट होता जाता है शासन ध्यान दे।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 21 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-अश्विनी।**

मेष - आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृषभ - आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है।

मिथुन - आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। व्यापार या नौकरी में लाभ हो सकेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे। विवाह के इच्छुक लोगों के विवाह की संभावना है। (278-390)

कर्क - घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को लाभ तथा पदोन्नति मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। सरकारी लाभ होगा।

सिंह - आज गुस्से वाला स्वभाव होने के कारण किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। संघर्ष या विवाद के कारण किसी के नाराज होने की आशंका बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

कन्या - नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी।

तुला - आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा। अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे।

वृश्चिक - आज कुछ आकस्मिक घटनाएं घटेंगी। पूर्वनिर्धारित मुलाकात रद्द होने से हताशा और क्रोध की भावनाएं पैदा होंगी। आपके हाथ में आए हुए अवसर हाथ से सरकते हुए प्रतीत होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे।

धनु - संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता से मन व्यग्र रहेगा। पेट संबंधी बीमारियां परेशान करेंगी। काम की असफलता से आपके अंदर हताशा होगी। क्रोध को काबू में रखें। साहित्य, लेखन तथा कला के प्रति गहरी रुचि रखेंगे।

मकर - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहने से मन उदास रहेगा। स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा।

कुंभ - आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आप मानसिक राहत अनुभव करेंगे। काम करने में आपको उत्साह रहेगा। भाई- बंधुओं के साथ घरेलू मामलों पर चर्चा या आयोजन करेंगे और आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

मीन - आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा किसी से मनमुटाव होने की संभावना है। पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है। (289-458)

3,6,8,9,34,69,85,90,42,93,59,07

## वैश्य महासम्मेलन की गोटेगांव में बैठक

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन गोटेगांव की बैठक श्रेया होटल में प्रदेश के महामंत्री इंजीनियर सुनील कोठारी के मुख्य आतिथ्य एवं जिले के प्रभारी बीडी सोनी की विशेष उपस्थिति तहसील अध्यक्ष पंकज जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में पूरे प्रदेश में संगठन के द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की चर्चा करते हुए सुनील कोठारी ने कहा कि दोनों राजनीतिक दलों के उपरांत वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश प्रदेश का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है हमारी संख्या जो 75000 है अब उसे हमें एक लाख की ओर लेकर जाना है,।

हमारे प्रेरणा स्रोत शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता का संगठन के प्रति अविस्मरणीय योगदान के कारण पूरे प्रदेश में 24 जून को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। गोटेगांव के उत्कृष्ट व्यापक परिवार मिलन समारोह की कोठारी जी ने सराहना की। विशेष रूप से उपस्थित नरसिंहपुर के अध्यक्ष इंजीनियर के के सोनी ने 28 जून को नरसिंहपुर में होने वाले जिला सम्मेलन की रूपरेखा रखते हुए सभी से उसमें शामिल होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर जिले के प्रभारी बीडी सोनी ने कहा कि छिंदवाड़ा नीमच अनूपपुर, इंदौर रीवा सागर आदि शहरों वैश्य महासम्मेलन के अनेक उल्लेखनीय का संगठन की मजबूती के साथ जारी है हमें भी नरसिंहपुर जिले में सभी को मिलजुल कर संगठन को और अधिक मजबूत करना है। भोपाल में 20 करोड़ की लागत से बनने वाला वैश्य भवन एक बड़ी उपलब्धि है अब छिंदवाड़ा में भी लगभग 5 करोड़ से ऊपर की लागत से वैश्य भवन तैयार हो रहा है।

जिला महामंत्री इंजीनियर दीपक खरया ने आपस में सभी सदस्यों को मिलकर भले ही व्यापारिक प्रतिस्पर्धा क्यों ना हो सामाजिक मामलों में एक दूसरे के साथ शक्ति के साथ सहयोग करने की बात कही। अध्यक्ष पंकज जैन ने उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से आचार्य विद्यासागर दयोदय गौशाला के निर्माण की जानकारी दी। तहसील उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने गौशाला के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी से तन मन धन से और अधिक गौशाला जैसे अति पुण्य के कार्य में सहयोग करने की अपील की।

## स्थानांतरण के बावजूद कार्य कर रहे बाबू

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में लगातार ट्रांसफरों का दौर जारी है, लेकिन इसके बावजूद जिन अधिकारी-कर्मचारियों का तबादला हो चुका है, वे अब तक गोटेगांव से विदा नहीं हुए हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि ट्रांसफर के बावजूद ये अधिकारी-कर्मचारी अब तक कार्य क्यों कर रहे हैं?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली लिस्ट जारी होते ही कई अधिकारी और कर्मचारी अपना ट्रांसफर रुकवाने या मनचाही जगह पर जुगाड़ जमाने में लग गए थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिनका तबादला हो चुका है, वे आज भी गोटेगांव में ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

स्थानीय जनों में इस बात को लेकर चर्चा है कि जब स्थानांतरण आदेश जारी हो चुके हैं, तब संबंधित अधिकारी इन अधिकारियों को कार्यमुक्त क्यों नहीं कर रहे हैं? इससे प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी कब इस दिशा में कदम उठाते हैं और स्थानांतरित कर्मचारियों को कार्यमुक्त कर नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हैं।

आखिर इसमें शासन के मातहत कर्मचारियों की मिली भगत की सुगंध आने लगी है गोटेगांव नगर और ग्रामीण क्षेत्र में भी कतिपय कार्यालयों में भी देखा जा रहा है।नगर के कुछ लोगों ने जानकारी भी दी कि अधिकारी जन इसलिए कर्मचारियों को रिलीव नहीं कर रहे होंगे क्योंकि उनका सिस्टम खत्म हो जाएगा परंतु शासन यदि अपने नियम पर आ जाए तो स्थानांतरण हुए कर्मचारियों को जाना ही पड़ेगा।शासन इस ओर भी शीघ्र ध्यान दे जिससे शासन की योजनाओं का लाभ जनता को मिलता रहे और जहां जिसका स्थानांतरण हुआ हो वहां यह ज्वाइन करे।